बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 2253130 / पटना/ दिनांक 06/11/23

ग्रा0वि0-11/वि0वि0प0-33/2023

प्रेषक

राम कुमार पोद्दार,
उप मिशन निदेशक।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- **श्री अशोक कुमार अग्रवाल, मा0स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/205/283 के हस्तांतरण के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक श्री अशोक कुमार अग्रवाल, मा0स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/205/283 का विषयवस्तु ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है।

अत: तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/205/283 की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रश्नोत्तर बिहार विधान परिषद सचिवालय को भेजने की कृपा की जाय ।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद सचिवालय को भी प्रेषित की जा रही है।

अनु0- यथोक्त ।

विश्वासभाजन

(राम कुमार पोद्दार)
उप मिशन निदेशक

ज्ञापांक 2253130 / पटना, दिनांक 06/11/23

प्रतिलिपि- प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद के प्रश्नोत्तर शाखा (NEVA) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. अनुरोध है कि उपर्युक्त तारांकित प्रश्न को ग्रामीण विकास विभाग की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

उप मिशन निदेशक

ज्ञापांक 2253130 / पटना, दिनांक 06/11/23

प्रतिलिपि- माननीय मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

उप मिशन निदेशक

हस्तानांतरण 529

Bihar Vidhan Parishad Question

1/205/283

(1)

पुल का निर्माण

28/10/2023 03/11/2023

*1/205/283 श्री अशोक कुमार अग्रवाल (कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज)

ग्रामीण विकास

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के अन्तर्गत रोहिया घाट में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण आवश्यक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त घाट पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने से प्रखंड के बैरिया, शीतलपुर, सिंघौल, हरनागर एवं अरिहाना के लोगों को प्रखंड मुख्यालय 20 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करते हुए घुमावदार रास्ता होकर आना पड़ता है या नाव के सहारे प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए मजबूर हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुलभ आवागमन हेतु पुल का निर्माण कराने पर विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?